# Denim Developers Limited

**Regd. & Corp.Office: C-15, H-1, 1st Flr, IC Block, Shahid Chandrashekhar Afordable Awasiya Yojna, Industerial Estate, Kota-324003, Rajasthan**
**CIN: L36101RJ1969PLC076649, Contact No: +91 -73000 -83921**
**Email Id: info@denim.org.in, Website: www.denimdevelopersltd.com**

February 15, 2025

To

The Listing Department
Metropolitan Stock Exchange of India Limited
205(A), 2nd floor, Piramal Agastya Corporate Park
Kamani Junction, LBS Road, Kurla (West),
Mumbai-, 400070, Maharashtra, India

Sub.: Submission of Newspaper publication for Financial Results of Quarter ended 31st December, 2024 in compliance of regulation 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

Dear Sir/Ma'am,

Pursuant to Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copy of newspaper advertisement with regards to the Financial Results of Quarter ended 31st December, 2024 published in the newspaper namely The Indian Express and Jannayak.

Kindly take the same on records.

Thanking You,
**For Denim Developers Limited**

**Rajesh Kumar Patil**
**Whole Time Director and CFO**
**DIN:- 02333360**

**Encl.: As Above**

# छात्रावासों में कॅरियर काउंसलिंग, खेल-कूद और सुविधाओं का होगा विस्तार

## कामयाब कोटा अभियान

जननायक संवाददाता

**कोटा।** कामयाब कोटा अभियान के तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों में रह रहे विद्यार्थियों को कॅरियर काउंसलिंग दी गई। इसी क्रम में जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी शुक्रवार को टैगोर नगर स्थित राजकीय देवनारायण आदर्श बालक छात्रावास एवं राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास पहुंचे। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक तैयारियों, करियर विकल्पों और हॉस्टल की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।



### बच्चों के सपनों को मिलेगा सही मार्गदर्शन

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्रों से उनके भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा। अधिकतर बच्चों ने डॉक्टर बनने की इच्छा जताई, जबकि 12वीं के छात्र पवन मीणा ने बताया कि वह पीटीआई (शारीरिक शिक्षक) बनना चाहता है। इस पर कलेक्टर ने छात्रावास अधीक्षक को निर्देश दिया कि उसे सही मार्गदर्शन दिया जाए, ताकि वह अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ सके। इसके अलावा, कलेक्टर ने बच्चों को मेहनत और समर्पण से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यदि छात्र सही दिशा में निरंतर प्रयास करें तो उनके सपने जरूर पूरे होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए टेस्ट सीरीज हल करने और पुराने प्रश्न पत्रों का अभ्यास करने की सलाह दी।

### खेल-कूद के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश

संवाद के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से उनकी रुचि के खेलों के बारे में भी चर्चा की। अधिकतर बच्चों ने बताया कि उन्हें कबड्डी खेलना पसंद है, लेकिन नी-केप न होने के कारण चोट लगने का डर रहता है। इस पर कलेक्टर ने तुरंत निर्देश दिया कि दानदाताओं के माध्यम से नी-केप, फुटबॉल, क्रिकेट बैट-बॉल, चेसबोर्ड और अन्य खेल सामग्री की व्यवस्था कराई जाए।खेलों को बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर ने मौके पर ही छात्रों की दो टीमें बनाकर कबड्डी मैच कराया।

**हॉस्टल की सुविधाओं में होगा सुधार:** राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास में निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि हॉस्टल में पानी का कनेक्शन नहीं है। इस पर कलेक्टर ने पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता को मौके से ही फोन कर जल्द से जल्द पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, उन्होंने संयुक्त निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, सविता कृष्णिया को निर्देश दिए कि हॉस्टल में रहने वाले बच्चों के लिए डी-वार्मिंग अभियान चलाया जाए और पीने के लिए शुद्ध पानी की व्यवस्था की जाए।इस दौरान ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी निशांत सिंह, छात्रावास अधीक्षक लक्ष्मी मालव और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रेलवे अस्पताल में भिड़ी डॉक्टर और नर्सिंगकर्मी की कार

## चिकित्सा अधीक्षक ने मांगा जवाब

जननायक संवाददाता

कोटा। रेलवे अस्पताल प्रवेश द्वार के पास मंगलवार को डॉक्टर गौरव रोहतगी और नर्सिंकर्मी दुलीचंद की कार आपस में भिड़ गई। यह घटना दोपहर को करीब 2.30 बजे उस समय हुई जब रोहतगी तेजी से कार चलाते हुए अस्पताल के अंदर आ रहे थे और दुलीचंद मीणा बाहर आ रहे थे। हालांकि समय रहते दोनों के ब्रेक लगाने से रोहतगी और दुलीचंद को कोई चोट नहीं आई और न ही कारों को कोई विशेष नुकसान हुआ।

इस घटना के बाद मौके पर ही रोहतगी और दुलीचंद में काफी बहस भी हुई। दुलीचंद ने रोहतगी पर जानबूझकर उसे नुकसान पहुंचाने की नीयत से दुर्घटना करने का आरोप लगाया। वहीं रोहतगी एक जरूरी ऑपरेशन की जल्दबाजी की बात कहते रहे। बाद में मौके पर एकत्रित हुए कर्मचारियों ने दोनों की समझाइश की।



**एससी-एसटी एसोसिएशन ने की शिकायत :** बाद में ऑल इंडिया रेलवे एससी-एसटी एसोसिएशन के मंडल सचिव अभय मीणा ने इसकी शिकायत मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सपर्णा रायसेन से कर दी। इस पर सेन ने नोटिस जारी कर रोहतगी से जवाब मांगा है। मामले में रोहतगी का कहना है कि उसकी कार की रफ्तार 20 किलोमीटर से अधिक नहीं थी। साथ ही वाउंड्रीवॉल की दीवार ऊंची होने कारण दूर से अस्पताल में आते-जाते वाहन नजर नहीं आते।

उल्लेखनीय है कि संविदा पर लगे हड्डी रोग विशेषज्ञ रोहतगी करीब 15 साल से रेलवे अस्पताल में सेवाएं दे रहे हैं।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. जिला खण्ड, इटावा**

क्रमांक-1240 | **निविदा सूचना संख्या 14 / 2024-25** | दिनांक-06/02/2025

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन एवं सड़क निर्माण कार्य के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/ केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग/ रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए बी, सी, डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेंगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट Www.dipronline.org व http://www.pwd.rajasthan.gov.in http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा अपलोड करने की तारीख 24.02.2025 को 06.00 बजे तक।

| S.No. | UBN No. |
|---|---|
| 1. | PWD2425WS0B14652 |
| 2. | PWD2425WS0B14653 |

DIPR/C/2025/1761

(नरेश चौधरी)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि.
जिला खण्ड इटावा

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड कोटा**

क्रमांक- अअ/जिग्रा/अंके/2024-2025/2849-2864 | दिनांक - 06.02.2025

Phone No. 0744-2500598 | Email eephed ddrkota@ymail.com

**Notice Inviting Bid**

Bid for NIT No. 52/2024-2025 to 58/2024-2025 are Invited from interested bidders upto 6.00 PM on 21.02.2025. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal sppp.rajasthan.gov.in of the State & www.rajwater.gov.in Departmental Website. Tenders are to be submitted online on website http://eproc.rajasthan.gov.in.

NIB No:- PHE2425A4339, UBN:- (PHE2425WSOB09331) UBN:- (PHE2425WSOB09332) UBN:- (PHE2425WSOBO9333) UBN:- (PHE2425WSOB09334)
UBN:- (PHE2425WSOBO9336)
UBN:- (PHE2425WSOB09337)
UBN:- (PHE2425WSOB09338) DIPR/C/2025/1765

( हरिओम सैनी ) अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग
जिला ग्रामीण खण्ड कोटा

## चैन पुलिंग में वसूला 6 लाख जुर्माना

जननायक संवाददाता

**कोटा।** कोटा रेल मंडल में गत वर्ष बिना ठोस कारण के चैन पुलिंग करते एक हजार 497 यात्रियों को पकड़ा। रेलवे ने इनसे 6 लाख 5 हजार रुपए जुर्माना वसूला। जब कि जनवरी 102 मामलों में 47 हजार 760 रुपए जुर्माना वसूला। उल्लेखनीय है कि बिना किसी ठोस कारण के चैन पुलिंग पर एक साल तक की सजा या एक एक हजार रुपए जुर्माना या दोनों एक साथ हो सकते हैं।

## फर्जी दस्तावेज से दो प्लाट बेचकर 28 लाख हड़पने की आरोपी महिला गिरफ्तार

जननायक संवाददाता

**कोटा।** विज्ञान नगर थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज से दो प्लाट बेचकर 28 लाख रुपए हड़पने की आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि फरियादी अनुज ढांडा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसे गुमानपुरा थाना क्षेत्र के छावनी नगर निगम कॉलोनी निवासी अनीस खान पत्नी फारूख ने महावीर नगर तृतीय में स्थित दो प्लाट 11-बी-19 व 20 को अपना बताकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर उससे 40 लाख रुपए में सौदा किया। दोनों प्लाट का सौदा होने पर उसने उससे 28 लाख रुपए ले लिए बाद में उसे पता चला कि दोनों प्लाट के फर्जी दस्तावेज बनाकर उसे बेचे थे। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने अनुसंधान में दोषी पाएं जाने पर आरोपी महिला अनीस खान को गिरफ्तार किया था। आरोपी महिला को शुक्रवार को अधीनस्थ न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिए रिमाण्ड पर लिया है।

# तेज रफ्तार स्लीपर कोच बस पलटी, 70 यात्री घायल

**कोटा।** सीमलिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह रेत रफ्तार स्लीपर कोच अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस में सवार 19 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने बताया कि अहमदाबाद से भिंड ग्वालियर जा रही रेत रफ्तार स्लीपर कोच बस शुक्रवार को सुबह पोलाई कंला के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस में सवार 19 यात्री घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल घनश्याम सिंह, निकिता, लोकेन्द्र सिंह, नरेश, फूलवंती, धर्मेन्द्र, सुग्रीव, नरेश, पिंकी, मनु, सीता, सरोज, देवन्द्र, गौरी बाई, गोलू सिंह, रानी, गजेन्द्र, दीपक, रामबाबू, अंकेश, इन्द्रजीत, संजय, किरण को कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया है। अन्य घायल यात्रियों का प्राथमिक उपचार किया गया है। घायल यात्रियों ने बताया कि बस में सौ यात्री सवार थे। चालक बस को लापरवाही पूर्वक चला रहा था, जिससे यह हादसा हुआ है। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

# एमएसएमई औद्योगिक एक्सपो-2025 कोटा में 1 मार्च से

## एसएसआई एसोसिएशन कोटा ने की घोषणा

**कोटा।** एसएसआई एसोसिएशन कोटा द्वारा विशाल एक्सपो की महत्वपूर्ण घोषणा की गई है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के मार्गदर्शन में 1 से 3 मार्च तक दशहरा मैदान, कोटा में एमएसएमई औद्योगिक एक्सपो 2025 का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी ने बताया कि इस एक्सपो का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बिरला 1 मार्च को सुबह 10:30 बजे करेंगे।इसमें उद्यमियों, निवेशकों, उद्योग जगत के नेताओं, सरकारी प्रतिनिधियों और बड़े पैमाने के उद्योगों के प्रतिनिधियों सहित हजारों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। देशभर के उद्यमियों की इस एक्सोपो में 500 से अधिक स्टॉल लगाई जाएगी। संस्थापक अध्यक्ष गोविंद राम मित्तल ने बताया कि एक्सपो में 100 नए स्टार्टअप और महिला उद्यमियों के लिए 100 विशेष स्टॉल की व्यवस्था की गई है। निर्वाचित अध्यक्ष मनोज राठी ने बताया कि स्टॉल बुकिंग के लिए दितिन गुप्ता, अमनप्रीत सिंह, समीर सूद, नितेश माहेश्वरी, अक्षय सिंह, सारांश खंडेलवाल, सारांश गोयल, योगेश माहेश्वरी, सुदर्शन जैन, मुरली त्रिलोकवानी और शुभम मालपानी से संपर्क किया जा सकता है। पूर्व अध्यक्ष राजकुमार जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

**कार्यालय नगर परिषद चित्तौड़गढ**

क्रमांकः-स्थापना-स्वास्थ्य / 2024-25 / 8968-70 | दिनांकः- 05.02.2025

**नोटिस विज्ञप्ति**

नगर परिषद चित्तौड़गढ़ के सफाई जमादार के द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट अनुसार श्री लोकेश गुर्जर / श्री नारायण लाल पद सफाई कर्मचारी परिषद सेवा से दिनांक 25.06.2024 से लगातार ड्युटी से बिना कोई सूचना के अनुपस्थित चला आ रहा है।

कर्मचारी के अनुपस्थित रहने के कारण परिषद द्वारा क्रमांक : 2581 दिनांक 23.07.2024, 4039 दिनांक 10.09.2024 एवं क्रमांक 7376 दिनांक 04.12.2024 के द्वारा नोटिस जारी कर तामील हेतु भेजा गया। लेकिन तामील कुनिन्दा की रिपोर्ट अनुसार संबंधित कर्मचारी श्री लोकेश गुर्जर को प्रथम नोटिस के संबंध में फोन पर सूचना दी गई द्वितीय नोटिस संबंधित कार्मिक द्वारा तामिल किया गया तथा तृतीय नोटिस में तामिल कुनिन्दा की रिपोर्ट अनुसार कार्मिक से सम्पर्क करने की कोशिश की गई परन्तु संबंधित कार्मिक से किसी प्रकार का सम्पर्क नहीं हो पाया तथा फोन भी बन्द आ रहा था।

चुंकि संबंधित कार्मिक स्वेच्छा से दिनांक 25.06.2024 से लगातार अनुपस्थिति रहे है। जो कि राजकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न किए जाने का कृत्य है।

अतः जरिये इस विज्ञप्ति द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञप्ति जारी की दिनांक से 15 दिवस की अवधि में कोई उचित कारण रखते हो तो मय दस्तावेज के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित हो कर प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद मियाद उपस्थित नही होने पर राजस्थान सेवा नियम 1958 के नियम 86 के अन्तर्गत तथा नगरपालिका सेवा नियमो के तहत आपका उक्त कृत्य सेवा में व्यवधान माना जाकर आपको सेवा से पृथक् किए जाने की कार्यवाही की जावेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आपकी स्वंय की होगी।

अतः सूचित हो।

Raj.samwad/C/24/11685 — आयुक्त

## आज का राशिफल

**मेष** — चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ
**आज** कोई खुशखबरी मिल सकती है। भावनात्मक रूप से सशक्त और ऊर्जावान महसूस करेंगे। तमाम चीजों को लेकर व्यस्तता रहेगी, लेकिन नतीजे आपके पक्ष में रहेंगे।

**वृषभ** — ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो
**प्रॉपर्टी** संबंधी समस्या चल रही है, तो आज हल होने की संभावना है। युवाओं को भविष्य संबंधी योजनाओं पर काम करने में अनुभवी का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन** — का, की, कू, घ, ङ छ, के, को, हा
**सामाजिक** और पारिवारिक गतिविधियों में आपका योगदान रहेगा। लोग आपकी बातों को महत्व देंगे। फाइनेंस संबंधी गतिविधियों में सुधार आएगा। मनचाहे परिणाम मिलेंगे।

**कर्क** — ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो
**महत्वपूर्ण** काम अच्छे से पूरे हो जाएंगे। बड़ा का निपटाने की प्लानिंग चल रही थी, तो ये इच्छा पूरी हो सकती है। रिश्तेदारों का घर में आगमन और बातचीत से खुशनुमा माहौल बनेगा।

**सिंह** — मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे
**सफलता** दायक दिन है। अपनी क्षमताओं का सदुपयोग करें। दोस्त या परिवार की मदद से अटका हुआ काम पूरा हो सकता है। अपनी आर्थिक योजनाओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो
**महत्वपूर्ण** कामों की नींव रखने के लिए ग्रह स्थिति बहुत अनुकूल है। पैसों का मैनेजमेंट बनाए रखें। इससे आपको फायदा हो सकता है। तनाव से राहत मिलेगी।

**तुला** — रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते
**मिले-जुले** प्रभाव वाला दिन रहेगा, लेकिन अप्रत्याशित सुखद परिणाम भी मिलेंगे। घर की देखरेख या बदलाव संबंधी प्लानिंग है, तो उस पर काम करने के लिए अनुकूल समय है।

**वृश्चिक** — तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू
**अपने** काम को नया रूप देने के लिए नई योजनाएं बनाएंगे। जो फायदेमंद रहेंगी। रचनात्मक गतिविधियों में रुचि लेंगे। अपने व्यक्तित्व में भी निखार लाने का संकल्प लेंगे।

**धनु** — ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढ़ा
**आज** कोई इच्छा पूरी होने वाली है। संपत्ति से जुड़ा कोई काम पूरा होगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। जिम्मेदारियां अपने ऊपर न लेकर कुछ काम परिवार में बांट लें।

**मकर** — भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी
**आपकी** कोशिशें पूरी होंगी और मनचाहे तरीके से सफलता मिलेगी। कॉन्टैक्ट सोर्स फायदेमंद होंगे। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों के लिए अच्छा समय है।


**कुंभ** — गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
**घर** में रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा। खास फैसला लेने में उनका योगदान रहेगा। बच्चों को पढ़ाई या करियर से संबंधित समस्याओं का समाधान मिलेगा।

**मीन** — दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची
**घर** के सदस्य की उपलब्धि से प्रसन्नता रहेगी। इस समय प्रॉपर्टी संबंधी काम रुका हुआ है, तो उसे पूरा करने के लिए अच्छा समय है। नजदीकी संबंधियों के साथ मेल मिलाप से खुशी मिलेगी।

## दिन दहाड़े अज्ञात महिला घर में घुसकर सोने के गहने चुरा ले गई

जननायक संवाददाता

**कोटा।** गुमानपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दिन दहाड़े अज्ञात महिला घर में घुसकर सोने के गहने चुरा ले गई। चोरी की रिपोर्ट मकान मालिक ने थाने में दर्ज करवाई है। छावनी निवासी इंसाफ मोहम्मद ने बताया कि शुक्रवार को दिन में 12 बजे अज्ञात महिला उसके मकान में घुस गई। महिला कमरे में रखा सोने का मंगलसूत्र सोने की कान की बाली व डायमंड की नोजरिंग चुरा ले गई। चोरी की रिपोर्ट उसने थाने में दर्ज करवाई है। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसमें एक महिला गहने चुराकर जाती हुई दिखाई दे रही है। कैमरे के फुटेज उसने पुलिस को सौंप दिए हैं। पुलिस ने बताया कि अज्ञात महिला के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।




## 200 ग्राम गांजा ले जाते युवक गिरफ्तार

**कोटा।** जवाहर नगर थाना पुलिस ने 200 ग्राम गांजा ले जाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शहर डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों व कोचिंग संस्थानों के पास अवैध मादक पदार्थ की बिक्री व रोकथाम के खिलाफ पुलिस की ओर से ऑपरेशन नश्वर चलाया जा रहा है। इसी अभियान के दौरान शुक्रवार को थानाधिकारी रामलक्ष्मण गुर्जर पुलिस जाप्ते के साथ थाना क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। गश्त करते हुए वह राजीव गांधी नगर में पानी की टंकी के पास पहुंचे, जहां उन्हें एक युवक संदिग्ध अवस्था में जाते दिखा, जो पुलिस जाप्ते को देख भागने का प्रयास करने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। युवक की तलाशी लेने पर उसके पास 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ। गांजे के बारे में पूछने पर वह कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने गांजा जब्त कर आरोपी युवक महावीर नगर प्रथम निवासी दीपकसिंह खींची (31) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से गांजे की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।



## वार्षिकोत्सव में प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**कोटा।** पुरोहित जी की टापरी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव महाकुम्भ मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व छात्र एवं भामाशाह सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि भामाशाह पीतांबरा राजे रही। अध्यक्षता सीबीईओ रामचरण मीणा ने की। विशिष्ट अतिथि राजश्री सिंह, कान्ति हाड़ा, क्षत्राणी वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष बृजराज सिंह, रेखा शेखावत रहे। अतिथियों द्वारा श्रेष्ठ अंकों से पास होने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। बालकृष्ण बांकेथी, जगदीश तिवारी, मोहनलाल बैरवा, धर्म सिंह मीणा उपस्थित मौजूद रहे। विद्यालय की प्राचार्य कुसुमलता मीणा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# पर्यावरण का संरक्षण और पौधारोपण ईश्वरीय कार्य : आचार्य प्रज्ञा सागर

**कोटा।** कोटा शहर में ग्रीन आर्मी की प्रेरणा से लोग अब जन्मदिवस, शादी की वर्षगांठ व पुण्य स्मृति में पौधारोपण कर उसे वृक्ष बनाने का संकल्प ले रहे हैं। शहीद भगत सिंह पार्क, राजीव गांधी नगर कोटा पर आचार्य पुष्पदंत सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज के पावन आशीर्वाद व सानिध्य में लाड़ली बेटी स्व. परिधि जैन 'परी' पुत्री अजय-संजना की तृतीय पुण्य तिथि पर 108 पौधे लगाए गए और उन्हें वृक्ष बनाने का संकल्प लिया। उनकी देखभाल की जिम्मेदारी ली गई।

इस अवसर पर प्रज्ञा सागर महाराज ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण और पौधारोपण ईश्वरीय कार्य है। इस कार्य में हम सभी को तन्मयता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। ग्रीन आर्मी का यह कार्य सराहनीय है। ग्रीन आर्मी की अध्यक्ष मंजू जैन ने बताया कि यह अभियान निरंतर गति पकड़ता जा रहा है और पूरे वर्षभर पौधे लगाए जा रहे हैं। नीता डांगी, प्रवक्ता रितेश जैन, सोसाइटी विधि सलाहकार रामगोपाल शर्मा, लोकेश कुमार जैन, यतीश खेड़ा, राजेन्द्र बज, अंकुर गोधा, महावीर प्रसाद उपस्थित रहे। स्व. परिधि के पिता अजय जैन ने बताया कि ग्रीन आर्मी ने हमारी पुत्री की स्मृति में पौधारोपण कार्य में सहयोग किया है। यहां अशोक, चीकू, सीताफल, नीम, अर्जुन, कदंब, बादाम आदि के पौधे लगाए गए।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट नं. 156 सिंधी कॉलोनी, गुमानपुरा कोटा का पट्टा दिनांक 13.01.2010 को नगर निगम कोटा द्वारा श्रीमती शाति देवी पत्नी मुरलीधर के पक्ष में निष्पादित किया गया था जो उपपंजीयक कोटा प्रथम में दिनांक 01.07.2010 को पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 1061, पृष्ठ संख्या 150, क्रम संख्या 2010003540 पर पंजीकृत है। शाति देवी का स्वर्गवास दिनांक 13.09.2019 को हो गया है एवं उनके पति मुरलीधर का पूर्व में ही स्वर्गवास हो चुका था। शाति देवी के स्वर्गवास के पशचात उनके वारिसान पुत्र नानकराम पुत्र मुरलीधर द्वारा उक्त सम्पति में अपने हिस्से व स्वत्व बाबत एक मुख्तारनामा दिनांक 14.06.2021 को राजेश आनन्द पुत्र मुरलीधर के पक्ष में नोटेरी से तस्दीक शुदा आलेखित किया गया तथा पुत्रियों - रितु हरवानी, भूमिका चेलानी तथा पुत्र रवि आनन्द द्वारा भी अपने हिस्से व स्वत्व बाबत मुख्तारनामा दिनांक 15.06.2021 को राजेश आनन्द के पक्ष में नोटेरी से तस्दीक शुदा आलेखित किया गया एवं पुत्री सुनीता द्वारा भी अपने हिस्से, स्वत्व बाबत मुख्तारनामा दिनांक 16.06.2021 राजेश आनन्द के पक्ष में नोटेरी से तस्दीक शुदा आलेखित किया गया तत्पश्चात राजेश आनन्द पुत्र मुरलीधर द्वारा उक्त भूखण्ड के संबंध में अपने स्वयं के एवं नानकराम, सुनीता, रितु हरवानी, भूमिका चेलानी एवं रवि आनन्द के मुख्तार आम की हैसियत से पंजीकृत हक त्याग पत्र दिलीप कुमार आनन्द के पक्ष में आलेखित किया गया जो दिनांक 12.01.2022 को उपपंजीयक कोटा प्रथम में पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 1564, पृष्ठ संख्या 132, क्रम संख्या 202203123100690 पर पंजीकृत है। दिलीप कुमार आनन्द द्वारा उक्त भूखण्ड के संबंध में रवि आनन्द पुत्र मुरलीधर आनन्द के पक्ष में मुख्तारनामा दिनांक 14.10.2024 को नोटेरी से तस्दीक शुदा आलेखित किया गया एवं रवि आनन्द पुत्र मुरलीधर आनन्द द्वारा दिलीप कुमार आनन्द के मुख्तार आम की हैसियत से उक्त भूखण्ड के पंजीकृत विक्रय पत्र का निष्पादन सान्वी आनन्द पनी रवि आनन्द के पक्ष में किया गया जो उपपंजीयक कोटा प्रथम में दिनांक 13.11.2024 को पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 1862, पृष्ठ संख्या 58, क्रम संख्या 202403123117034 पर पंजीकृत है। नगर निगम कोटा द्वारा अपने कार्यालय आदेश क्रमांक 111349 दिनांक 27. 12.2024 से उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण सान्वी आनन्द पनी रवि आनन्द के पक्ष में किया जा चुका है। सान्वी आनन्द द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय अंकुर शर्मा पुत्र कैलाश तिवारी को विक्रय किया जाना एवं इसके लिये एवं इसके लिये करण पुत्र द्वारा होम फाईनेन्स लिमिटेड से ऋण प्राप्त कर बतौर सिक्योरिटी रहन रखा जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में यदि किसी भी व्यवित्त, संस्था, सोसायटी, बैंक, वित्तीय संस्थान को कोई आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेजात के प्रस्तुत कर देवे। बाद गुजरने मियाद आम सूचना नोटिस, किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

भवदीय- (रोहित सिंह)
दिनांक 14/2/25
कार्यालय-127, शोपिंग सेन्टर कोटा (राज.), मो. 941439190

## अलाव तापते समय महिला झुलसी

जननायक संवाददाता

**कोटा।** कापरेन थाना क्षेत्र में अलाव तापते समय महिला झुलस गई। पुलिस ने बताया कि देवली निवासी सीमा (26) पत्नी शंभूलाल मेघवाल घर पर चूल्हे पर ताप रही थी। उसी दौरान उसके कपड़ों में आग लगने से झुलस गई। परिजनों ने उसे एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया है।

## छत से गिरने पर वृद्ध की मौत

जननायक संवाददाता

**कोटा।** कैथूनीपोल थाना क्षेत्र में छत से गिरने पर वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि श्रीपुरा निवासी तेजमल (50) पुत्र पूरनचंद महावर जो गुरुवार रात 9 बजे गैस का सिलेण्डर लेकर छत से नीचे उतर रहा था। उसी दौरान पट्टी टूटने से नीचे गिरने पर गंभीर घायल हो गया। जिसे परिजनों ने एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

# कोचिंग एरिया में 67 ग्राम गांजा ले जाते नाबालिग निरूद्ध

जननायक संवाददाता

**कोटा।** उद्योग नगर थाना पुलिस ने कोचिंग एरिया में गांजा ले जाते हुए नाबालिग को निरूद्ध किया है। थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि विशेष अभियान ऑपरेशन नश्वर चलाया जा रहा है। इसी अभियान के दौरान वह पुलिस जाप्ते व एसआई मोहम्मद इब्राहिम के साथ गश्त करते हुए मल्टीमेटल्स के सामने होते हुए न्यू मोटर मार्केट में प्रवेश कर ब्लॉक 11 के पास पहुंचे। जहां एक नाबालिग पैदल पेंट्रोल पंप की तरफ से आता हुआ दिखाई दिया। जो पुलिस जाप्ते को देखकर रेल की पटरियों की तरफ भागने लगा। शक होने पर पुलिस जाप्ते ने पीछ कर उसे डिटेन किया। नाबालिग की तलाशी लेने पर उसके पास 67 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जिसके बारे में पूछने पर उसने बताया कि उसे यह गांजा बारां हाल डकनिया रेलवे स्टेशन के पास निवासी दीपक उर्फ गोल्ड फ्लैग ने कोचिंग छात्रों को बेचने के लिए दिया था, जिसे वह विज्ञान नगर की तरफ कोचिंग छात्रों को बेचने के लिए जा रहा था। दीपक उसे गांजा बेचने के 500 रुपए रोज देता है। पुलिस ने नाबालिग को निरूद्ध कर दीपक के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम में मामला दर्ज किया है।

### युवक ने जहर खाया

उद्योग नगर थाना क्षेत्र में डीसीएम निवासी मुकेश कुमार (40) पुत्र नेनकी लाल खटीक ने घर पर अज्ञात जहर का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया है।

## एमबीएस अस्पताल से तीमारदार का मोबइल व 10 हजार रुपए पार

कोटा संभाग के सबसे बड़े एमबीएस अस्पताल में चोरी होने का सिलसिल थम नही रहा है। आए दिन चोरी होने से यहां आने वाले मरीजों के तीमारदार परेशान हो रहे है। ऐसा ही मामला गुरूवार रात को सामने आया है। अस्पताल के वार्ड से अज्ञात व्यक्ति मरीज के तीमारदार का मोबाइल व 10 हजार रुपए चुरा ले गया। कुन्हाड़ी बालिता रोड़ निवासी बद्रीनारायण ने बताया कि उसके मामा अस्थि वार्ड में भर्ती है। सुबह 5 बजे अज्ञात व्यक्ति उसकी जेब में रखा मोबाइल व दस हजार रुपए निकाल कर ले गया।

**DENIM DEVELOPERS LIMITED**

Regd. Office: : C-15, H-1, 1st Flr, IC Block, Shahid Chandrashekhar Afordable Awasiya Yojna, Industerial Estate, Kota-324003, Rajasthan

CIN: L36101RJ1969PLC076649, Email: info@denim.org.in, Mob:- +91-73000-83921

Extract of Consolidated Un-Audited Financial Results for the quarter and nine months ended as on 31st December, 2024 (Rs.in Lakhs)

| S. No. | Particulars | Quarter Ended 31-12-2024 (Un-Audited) | Quarter Ended 31-12-2023 (Un-Audited) | Nine Month Ended 31-12-2024 (Un-Audited) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from Operations | 1,666.76 | 1802.97 | 4,021.54 |
| 2. | Net Profit/ (Loss) for the period (before tax, exceptional and/or Extraordinary items) | 316.52 | 346.05 | 1,052.55 |
| 3. | Net Profit/ (Loss) for the period before tax (after exceptional and/or Extraordinary items) | 316.52 | 346.05 | 1,052.55 |
| 4. | Net Profit/ (Loss) for the period after tax (after exceptional and/or Extraordinary items) | 236.20 | 269.35 | 791.96 |
| 5. | Total Comprehensive income for the period [Comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 278.28 | 332.38 | 802.07 |
| 6. | Equity share capital (face value Rs.10/- each) | 1,061.42 | 1,061.42 | 1,061.42 |
| 7. | Reserves (excluding revaluation reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the Previous Year i.e. 31.03.2024 | 11,283.39 | - | 11,283.39 |
| 8. | Earnings Per Share (for continuing and discontinued operations) (of Rs.10/- each) Basic & diluted | 2.62 | 3.13 | 7.56 |

Key Number of Standalone Financial Results

| S. No. | Particulars | Quarter Ended 31-12-2024 (Un-Audited) | Quarter Ended 31.12.2023 (Un-Audited) | Nine Month Ended 31-12-2024 (Un-Audited) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 609.06 | 565.37 | 2,009.94 |
| 2 | Net Profit/ (Loss) for the period before tax | 311.37 | 299.07 | 1,053.89 |
| 3 | Net Profit/ (Loss) for the period after tax | 232.35 | 228.43 | 794.41 |

1. The above is an extract of the detailed format of Un-audited Consolidated Financial Results for the quarter and nine months ended on December 31, 2024 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of SEBI (Listing and other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the said Financial Results are available on the websites of the Stock Exchange(s) and the company at www.msei.in and www.denimdevelopersltd.com
2. The above financial results of the Company are reviewed and recommended by the Audit Committee and have been approved by the Board of Directors at their respective meetings held on February 14, 2025. The Statutory Auditors have carried out a limited review of these financial results.
3. Previous year figure have been regroup/ rearrange wherever necessary.

Place: Kota
Date : February 15, 2025

For Denim Developers Limited
Sd/- Rajesh Kumar Patil,
Whole-time Director & Chief Financial Officer (DIN: 02333360)